तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

11 मुस्लिम समाज यूथ का निःशुल्क चिकित्सा शिविर 30 को



12 छठपर्व के तीसरे दिन डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य





## खबर संक्षेप

### महाहुंकार रैली आज

**पुरी।** सहकारी कर्मचारियों की महाहुंकार रैली 28 अक्टूबर को धमतरी के गांधी मैदान में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 2 को




**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह कुर्रा में जय मां बमलेश्वरी सेवा समिति, मानव सेवा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 2 नवंबर रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन साहू समाज भवन में किया गया है। यह जानकारी सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव ने दी है।

### खिसोरा में शिव महापुराण कथा 3 से



**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा में 3 से 10 नवंबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र पंडित राघव मिश्रा सीहोर होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक परिवार सुमित्रा, जागेश्वर साहू, देविका, हरिश्वर साहू, युवराज साहू, योगराज साहू समेत ग्रामवासी हुए हैं।

### रामचंद बने ग्राम पटेल संघ के अध्यक्ष

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पटेल संघ तहसील गुरूर के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष रामचंद साहू बागतराई, उपाध्यक्ष विजयेन्द्र ध्रुवे दानीटोला, सचिव रामचरण सिन्हा मोखा, सहसचिव समेलाल सिन्हा बोरतरा, कोषाध्यक्ष सूरजराम लावत्रे कोलिहामार, संगठन मंत्री हिन्छाराम साहू पिकरीपार, प्रचार मंत्री शिवलाल साहू देवकोट, मीडिया प्रभारी कमलसिंह साहू डढ़ारी बनाए गए। सरंक्षक केवल सिंह चंदेल सुर्रा, कीर्तनराम साहू पुरूर चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में भगोलीराम साहू बगदेही, गरीबाराम साहू पेरपार, पदुम निषाद उसरवारा, सेवकराम साहू बालोदगहन, अशोक साहू खुंदनी, भूपेन्द्र गंजीर पेंवरो, बावालाल बंजारे डोकला, कुशराम साहू धनोरा, लतखोर सिन्हा भिराई, जीवराखन सिन्हा परसुली, नीलकंठ साहू भूलनडबरी, केशव साहू सनौद शामिल हैं।

### बास्केटबाल में ईशांत व ईशा का चयन

**आमदी(धमतरी)।** सेजेस आमदी के दो खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। व्यायाम शिक्षक तमेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि बालक वर्ग में ईशांत साहू पिता दानीराम साहू और बालिका वर्ग में ईशा साहू पिता धर्मेन्द्र साहू का 19 वर्ष आयु में चयन हुआ। इन्होंने राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सत्र 25 - 26 में पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ जिसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में 3 खिलाड़ियों ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इसी प्रकार सरगुजा जिला अंबिकापुर में 27 से 31 अक्टूबर तक आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 2 खिलाड़ियों का चयन 19 वर्ष आयु वर्ग में भी हुआ है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य केके साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष ज्योति साहू, नगर उपाध्यक्ष कोमल यादव, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक आर के देवांगन तथा स्टाफ सीएच सेन, पी. साहू, सीमारानी भेंसले, टीपी पांडे, श्वेता गजेंद्र, एस. नाग, एस. सोनवानी, जे. ठाकुर, यूएस साहू, डीआर साहू, ओ. पटेल, वाय. देवांगन, जीआर साहू, गीता साहू, प्यारेलाल साहू और व्यायाम शिक्षक तमेश्वर प्रसाद साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

### चटौद पुल हत्याकांड का खुलासा : गांव के ही तीन युवक निकले आरोपी, गिरफ्तार

# पहले शराब पिलाई फिर पत्थर से कुचलकर हत्या करने के बाद युवक को पुल से नीचे फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुरानी रंजिश का बदला लेने युवक को शराब पिलाने के बहाने चटौद पुल के पास ले गए और पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या करने के बाद नीचे फेंक दिया। पुलिस की संयुक्त टीम ने 72 घंटे के भीतर हत्याकांड में शामिल मृतक के गांव के ही तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम चटौद पुल के नीचे 22 अक्टूबर की सुबह पत्थर से सिर कुचले हालत में एक युवक का शव मिला था। मृतक की पहचान मनीष कुमार मिथिलेश पिता किशनराम उम्र 26 वर्ष ग्राम करगा पुलिस चौकी बिरेझर निवासी के रूप में की गई। सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया। शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।





**शराब पिलाने के बहाने ले गए**

एसपी सूरज सिंह परिहार ने सोमवार को प्रेसवार्ता में हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि जांच के दौरान मृतक के परिजनों व गवाह योगराज साहू व हेमंत साहू के कथनों के आधार पर मुख्य आरोपी होमेश कुमार साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इस दौरान आरोपी ने बताया कि 21 अक्टूबर की रात्रि लगभग 11 बजे अपने दोस्त चाहत यादव के साथ मृतक को शराब पिलाने चटौद नाला पुल के पास ले गया। शराब पीने के दौरान मृतक द्वारा गाली गलौज करने पर तीनों के बीच विवाद शुरू हो गया जिसके बाद आरोपी होमेश साहू ने मृतक की आंख व गले में गमछा बांधकर दबाते हुए सिर पर कई बार प्रहार किया। उसके बाद होमेश व चाहत ने मृतक को चटौद पुल के नीचे फेंक दिया। फेंकने के बाद जीवित होने की आशंका के चलते होमेश ने पुल से नीचे उतरकर पत्थरों से युवक के सिर व चेहरे को कुचलकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद मृतक की मोटर साइकिल व चाबी को भी नीचे फेंक दिया। वहीं योगराज व हेमंत साहू को फोन पर घटना की जानकारी दी। बाद में घटना में प्रयुक्त अपने गमछे व खून से सने कपड़ों को छिपा दिया। मृतक के मोबाइल को झाड़ियों में फेंक दिया। अगले दिन आरोपी ने अपने रिश्तेदार मनीष साहू को घटना की जानकारी देकर खून लगे कपड़े, गमछा व मोबाइल को जलाने के लिए कहा। जांच में आरोपी मनीष साहू द्वारा साक्ष्य नष्ट करने की पुष्टि हुई। एसपी ने बताया कि साक्ष्यों एवं बयान के आधार पर आरोपी होमेश साहू पिता डेमनलाल उम्र 19 वर्ष, चाहत यादव पिता अमर सिंह 19 वर्ष, साक्ष्य नष्ट करने वाले मनीष साहू तीनों ग्राम करगा पुलिस चौकी बिरेझर निवासी के खिलाफ धारा 103(1), 238, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बताया गया कि घटना के बाद फरार एक आरोपी को पुलिस ने नारायणपुर से गिरफ्तार किया है।

#### पुरानी रंजिश बनी हत्या का कारण

जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि इससे पहले जब मृतक मनीष कुमार मिथलेश रायपुर से गांव आया था। उस दौरान मृतक ने आरोपी होमेश साहू के साथ झगड़ा करते हुए अश्लील गाली गलौज की थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। 21 अक्टूबर की रात्रि दोनों के बीच फिर से झगड़ा व गाली गलौज हुई। इसी दौरान रंजिश के चलते आरोपी होमेश ने अवसर देखकर मनीष कुमार मिथलेश की हत्या कर दी।

#### खुलासे में इनका रहा योगदान

इस गंभीर हत्याकांड का पुलिस ने 72 घंटे में पर्दाफाश कर आरोपियों को बेनकाब किया है। हत्याकांड के खुलासे में कुरूद थाना, साइबर टीम, एफएसएल टीम व पुलिस चौकी बिरेझर के स्टाफ एवं जांच दल की सराहनीय भूमिका रही।

---

## तीन और शिक्षकों की अग्रिम जमानत अर्जी नामंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाले मामले में जिला सत्र न्यायाधीश ने तीन और शिक्षकों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। उधर हाईकोर्ट ने 17 शिक्षकों के अग्रिम जमानत आवेदन पर सुनवाई के लिए अगली तिथि तय की है। हाईकोर्ट में यह सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी।

शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाला में जिला सत्र न्यायालय से आरोपियों को राहत नहीं मिल रही है। अग्रिम जमानत के आवेदन एक के बाद एक खारिज हो रहे हैं। सोमवार को फिर जिला सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने तीन लोगों की अग्रिम जमानत अर्जी नामंजूर कर दी है। इसमें भाठागांव कुरूद के प्रधानपाठक थानेश्वर कश्यप, जेंजरा फिंगेश्वर में पदस्थ शिक्षक एन सिंग साहू और करकरा छुरा में पदस्थ सहायक शिक्षक लोकेश कुमार साहू के आवेदन शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि 17 शिक्षकों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन पेश किया है। इन आवेदनों पर 16 अक्टूबर को हाईकोर्ट बिलासपुर में सुनवाई हुई। इस प्रकरण में अगली सुनवाई के लिए 29 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की गई है।

---

## युवक पर चाकू से हमला कर चार नकाबपोश नकदी व मोबाइल लूटे

- युवक जिला अस्पताल में भर्ती, हटकेशर शराब दुकान मार्ग की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हटकेशर की शराब दुकान से लौट रहे युवक पर चार नकाबपोश युवक चाकू से हमला कर उसका पर्स व मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

घायल के अनुसार रूद्री बस्ती निवासी उपेंद्र यादव पिता बलराम 35 वर्ष अवेजी में कार चलाने का काम करता था। रविवार को युवक ग्राम लोहरसी से कार लेकर भिलाई गया था जहां से रात्रि में वापस लोहरसी पहुंच गया। गांव में कार खड़ी कर युवक घर लौटते समय लिफ्ट मांगकर हटकेशर मुक्तिधाम के पास स्थित शराब दुकान गया। वहां से युवक पैदल शराब दुकान से दुर्गा मंदिर रत्नाबांधा की ओर लौट रहा था। इसी दौरान मार्ग में चार नकाबपोश सामने आ गए। वे अपने पास धारदार हथियार रखे हुए थे। हथियार की नोक पर युवक को लूटने की फिराक में थे। नकाबपोशों ने युवक की कमर के नीचे चाकू मारकर उसे घायल कर उसकी जेब में रखे 3500 रुपए से भरे पर्स व मोबाइल को लूटकर फरार हो गए। खून से लथपथ घायल युवक किसी तरह पैदल चलते हुए जिला अस्पताल पहुंचा। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



---

### चिन्हांकित दस स्थानों पर लगेंगे कैमरे, मुआवजे के लिए आनलाइन प्रणाली दो माह में शुरु

## हाथी, तेंदुआ, भालू और शिकारी को देखकर एआई कैमरा बजाएगा सायरन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में मानव, वन्य पशु संघर्ष को कम करने के लिए अब एआई कैमरे लगाए जाएंगे। महीनों की टेस्टिंग के बाद वन विभाग ने स्टार्टअप कल्पवैग टेक्नोलाजी के सहयोग से एक एआई कैमरा का सफलतापूर्वक परीक्षण कर लिया है। यह कैमरा अब हाथी, तेंदुआ, भालू या शिकारियों को देखते ही सायरन बजाएगा। वन कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को अलर्ट कॉल और एसएमएस भी भेजेगा।

उदंती सीतानदी फारेस्ट रिजर्व के डीएफओ वरूण जैन ने बताया कि यूएसटीआर में मानव, वन्य पशुओं के द्वंद को सीमित करने के लिए 6 महीने की टेस्टिंग के बाद सफलता मिल गई है। पहले यह कैमरा गाय, हिरण आदि शाकाहारी प्राणियों को देखकर सायरन तथा अलर्ट मैजेस भेजा करता था। स्टार्टअप कल्पवैग टेक्नोलाजी के माध्यम से इसकी सफलतापूर्वक टेस्टिंग हो गई है। एआई कैमरा अब हाथी, तेंदुआ, भालू तथा शिकारी या घुसपैठिया को देखकर ही सायरन बजाएगा और वन कर्मचारियों एवं ग्रामीणों को अलर्ट कॉल तथा एसएमएस भेजेगा।



#### रात में भी वन्यप्राणियों का पता चल सकेगा

कैमरों को लगाने का स्थान 2023 में लांच किए गए एलिफेंट ट्रेकिंग और अलर्ट एप से प्राप्त 3 साल के डाटा पर आधारित होगा। इसे हाथी गलियारों के प्रवेश बिंदुओं पर लगाए जाएंगे। सबसे ज्यादा हाथी प्रभावित गांव के पास इसे लगाया जायेगा। कैमरों में इंफ्रारेड क्षमता होगी जिसमें रात में भी 50 मीटर की दूरी से वन्य प्राणियों का पता चल सकेगा। एआई कैमरा हाथियों पर नजर रखने और ग्रामीणों को सतर्क करने में हाथी मित्र दल एवं हाथी ट्रैकरों के प्रयास का पूरक कार्य करेगा।

**120 गांव की सुरक्षा के लिए विभाग तत्पर**

डीएफओ श्री जैन बताते हैं कि हाथी मित्र दल तथा अलर्ट एप ने पिछले 3 साल में 40 से अधिक हाथियों, 100 तेंदुआ तथा 500 भालुओं की मौजूदगी के बावजूद वन्यजीवों द्वारा जनहानि की संख्या घटाकर केवल 2 तक लाने में मदद की है। उदंती सीतानदी रिजर्व फारेस्ट के कोर और बफर क्षेत्र में 120 गांव है जिसकी सुरक्षा के लिए वन विभाग तत्पर है। मानव-वन्यप्राणी द्वंद से निपटने के लिए अवैध शिकार विरोधी अभियान, वन्यजीवों के लिए इनवायलेट स्थान बनाने, अतिक्रमण हटाना, वन्यप्राणी रहवास विकास कार्य वृक्षारोपण, चारागाह निर्माण, तालाबों में सौर पंप और आधुनिक एआई उपकरण का उपयोग कर रहा है। उदंती सीतानदी में जनवरी 2026 से फसल क्षति, पशु हानि, संपत्ति हानि, जन घायल, जनहानि के लिए आनलाइन मुआवजा प्रणाली भी शुरु होगी। इससे प्रभावित ग्रामीणों को मुआवजा का भुगतान पारदर्शिता के साथ तेजी से हो सकेगा।

---

## अब जिले की बालिकाएं भी लगाएंगी खूब चौके-छक्के

- पीजी कॉलेज के क्रिकेट स्टेडियम में दिया जायेगा नि :शुल्क प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा पुरूष क्रिकेट के अलावा महिला क्रिकेट खेलने वाली प्रतिभाशाली बालिकाओं को उचित मंच प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेट टीम निरन्तर देश के विभिन्न स्थानों पर राज्यस्तरीय क्रिकेट मैच खेल रही है। इस महिला टीम में बस्तर एवं सरगुजा के अंदरूनी क्षेत्रों की प्रतिभावान बालिकाएं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व कर रही हैं ।



धमतरी जिला क्रिकेट संघ के सचिव अजय बाबर ने बताया कि धमतरी जिला क्रिकेट संघ के प्रयास से पीजी कॉलेज धमतरी के क्रिकेट स्टेडियम में कोच के माध्यम से विगत दो वर्षों से प्रशिक्षण निरन्तर प्रारंभ है। 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 80 बालक रोजाना प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रदर्शन के आधार पर जिला से राज्य स्तरीय टीम में चयन किया जाता है । विगत दिवस हुई धमतरी जिला क्रिकेट संघ की आमसभा में जिले की प्रतिभावान महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण व उनकी प्रतिभा को तराशने का निर्णय लिया गया है । जिले में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने ड्यूज बॉल क्रिकेट में रूचि रखने वाली 12 से 18 वर्षीय बालिकाओं को निःशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण देने तथा क्रिकेट खेलने में उपयोगी सामग्री निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। श्री बाबर ने अविलम्ब पंजीयन कराने की अपील की है।

---

## मानिकपुरी पनिका समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ



- समाज और संगठन की संबलता से बढ़ेगी राज्य और देश की ताकत : साय

**धमतरी।** मानिकपुरी पनिका समाज के प्रदेश, संभाग, जिला एवं परिक्षेत्रीय नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 26 अक्टूबर को रायपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थे। अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रकाश मानिकपुरी ने की। विशिष्ट अतिथि माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि समाज और संगठन की संबलता से ही राज्य और देश की ताकत बढ़ती है। संत कबीर साहेब के अनुयायियों में अग्रणी मानिकपुरी पनिका समाज की एकता प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भजन सम्राट नवलदास मानिकपुरी और लोकगायिका संगीता मानिकपुरी के भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

---

### रायपुर में जगह नहीं मिलने पर आज धमतरी में संभागस्तरीय आंदोलन

## संभाग के समिति कर्मचारी गांधी मैदान में करेंगे आवाज बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

समिति कर्मचारियों ने आंदोलन को तेज करते हुए संभाग स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आह्वान किया है। आज धमतरी में पूरे संभाग के कर्मचारी एकत्रित होकर अपनी मांगों पर आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे।

धान खरीदी शुरू होने से पहले धान खरीदी में अहम भूमिका निभाने वाले सहकारी कर्मचारियों का आंदोलन शुरू हो गया है। सूखत आने पर समितियों के प्रासंगिक व्यय, सुरक्षा व्यय, कमीशन आदि में कटौती के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर उनका चरणबद्ध आंदोलन जारी है। इसी के तहत मंगलवार को समिति कर्मचारियों का संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन होगा। रायपुर में धरना प्रदर्शन के लिए जगह नहीं मिलने के कारण समिति कर्मचारी धमतरी में संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि संभाग स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और महा हुंकार रैली धमतरी गांधी मैदान में सुबह 11 बजे शुरू होगी, जिसमें समितियों के समस्त कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर शामिल होंगे। इस दिन ऑनलाइन, ऑफलाइन कार्य बंद रखेंगे। उन्होंने कहा कि अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए और समिति को धान खरीदी से सूखत होने वाली बर्बादी से बचने के लिए यह आंदोलन जरूरी है। कार्य करते पाए जाने पर समिति प्रबंधक से गाड़ी खर्च 5000 रुपए दंड स्वरूप लिया जाएगा।




#### इन मांगों पर फोकस

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की संपूर्ण सूखत राशि मान्य समितियों को दी जाए। खरीदी के बाद हर सप्ताह पूरा का पूरा धान का उठाव किया जाए। आउट सोर्सिंग से नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटरों को नियमित किया जाए। प्रत्येक समिति को हर साल 3 लाख रुपए का प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए। इसके अतिरिक्त कई मांगों को लेकर उनका यह आंदोलन जारी रहेगा।

#### करेंगे अनिश्चिकालीन आंदोलन

कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से शासन को अपनी मांगों से अवगत करा रहे हैं। पिछले साल भी चरणबद्ध आंदोलन किया गया। आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त किया गया। इस साल भी 24 अक्टूबर से उनका चरणबद्ध आंदोलन जारी है। पहले चरण में उन्होंने 24 अक्टूबर को जिला स्तर पर ज्ञापन सौंपा। दूसरे चरण में आज मंगलवार को संभागस्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होती है तो 3 नवंबर से वे संभाग स्तर पर अनश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969




## खबर संक्षेप

### शिक्षक संघ की वर्चुअल बैठक 31 को



**जगदलपुर।** सर्व शैक्षिक संगठन ने आज आवश्यक बैठक में निर्णय लिया कि 31 अक्टूबर को बस्तर संभाग के समस्त शैक्षिक संगठनों की वर्चुअल बैठक होगी। जिसमें बस्तर संभाग के समस्त शैक्षिक संगठन के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग पदाधिकारी तथा जिला पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। जगदलपुर में संयुक्त संचालक शिक्षा के विरुद्ध प्रदर्शन करेंगे। जिसमें बस्तर संभाग के समस्त सातों जिलों के शिक्षक सम्मिलित होंगे। आंदोलन की तिथि की घोषणा वर्चुअल बैठक में तय किया जाएगा।

### धाकड़ समाज ने मनाया दीपावली मिलन



**घाटलोहंगा।** धाकड समाज के द्वारा तोकापाल तहसील के समाज क्षेत्र बुरुंगपाल में संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़, जिलाध्यक्ष दयानिधि धाकड़ के संयुक्त नेतृत्व में दिपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रभु श्रीराम के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर पुजन के पश्चात कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के नवीन पीढ़ी में संस्कार का विकास करना,समाज के मुल संस्कृति व परम्परा को संरक्षित करना,समाज को विसंगतियो से दुर रखना व सतर्क करना,क्षेत्र पदाधिकारी का चुनाव करना है। बुरुंगपाल के क्षेत्रीय बैठक में नये क्षेत्र पदाधिकरीयों का चुनाव किया गया जिसमें सर्व सहमती से ग्राम कलेपाल के नरेन्द्र सिंह धाकड़-अध्यक्ष चुने गये। सचिव तेजसिंह धाकड़, बुरुंगपाल, उपाध्यक्ष देवनाथ धाकड़, बुरुंगपाल, मोहनसिंह धाकड़, डोंगरीगुड़ा जिला सदस्य योगेन्द्र सिंह धाकड़, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुंदनबती धाकड़ सचिव हंसमती धाकड़ सर्वसहमती से चुने गए।

मधुबन धाम में मातर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, मधुबन धाम धर्म, संस्कृति का संगम : वीरेंद्र

# मधुबन धाम आस्था एवं विश्वास का प्रतीक : भोजराज










हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मधुबन धाम में मातर महोत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। दीपावली, गोवर्धन पूजा, मातर के दूसरे दिन मधुबन धाम में मातर महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग रहे। अध्यक्षता भाजपा मंडल मगरलोड अध्यक्ष रोहित मोहन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत कृषि सभापति टीकाराम कंवर, जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, रांकाडीह सरपंच भोजराज साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, श्री राम महायज्ञ मेला समिति संयोजक लक्ष्मी नारायण साहू, जनपद सदस्य केवल कंवर, झेरिया यादव समाज मधुबन धाम अध्यक्ष केशव राम यादव थे। मुख्य अतिथि श्री नाग ने अपने उद्बोधन में कहा कि मधुबन धाम श्रीराम वन गमन मार्ग का पवित्र स्थल है। मधुबन धाम आस्था एवं विश्वास का प्रतीक है। यहां सर्व समाज के सामाजिक भवन के अलावा उनके इष्ट देवी देवता स्थापित हैं।

जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि मधुबन धाम धर्म, संस्कृति का संगम स्थल है। मधुबन धाम में भगवान श्रीराम जानकी मंदिर, पंचमुखी हनुमान, 12 ज्योतिर्लिंग, साईं मंदिर, भक्त कर्मा माता मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर के दर्शन करने प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। जिला पंचायत कृषि सभापति टीकाराम कंवर ने कहा कि हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व दीपावली है। अयोध्या में भगवान श्रीराम साक्षात विद्यमान हैं। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ने मधुबन धाम की विशेषता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जय शीतला राउत नाचा महिला मंडली खैरझिठी की मनमोहक प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में नरेश सिन्हा, विजय यदु, टीकम साहू, राधा साहू, जनपद सदस्य तिलोत्मा साहू सहित आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

## बोड़रा में हुआ शिक्षक सम्मान एवं दीपावली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सप्त ऋषि बाल मंडली के तत्वावधान में ग्राम बोड़रा में दीपावली मिलन एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य आयोजनकर्ता बाल मंडली अध्यक्ष अशोक कश्यप और ग्रामवासी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस थे। अध्यक्षता अशोक कश्यप ने की। विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, शशि ध्रुव, सरपंच शत्रुघ्न नाग एवं शिवदयाल साहू रहे।

इस अवसर पर प्रधान पाठक महेंद्र बोरझा, भूपेश बनपेला, गोविंदराम निषाद, गौरी साहू, पद्मावती ध्रुव को शाल, श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि प्रकाश बैस ने कहा कि बोड़रा स्कूल की शिक्षण पद्धति अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। दीपावली एकता और स्वदेशी अपनाने का संदेश देती है। प्रधानपाठक श्री बोरझा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और समाज निर्माण होना चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, सप्त ऋषि बाल मंडली सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अखाड़ा कलाकारों की हैरतअंगेज कला देख दर्शक दांतों तले उंगली दबाने हुए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

दीपावली, गोवर्धन पूजा के दूसरे दिन ग्राम अरौद में मातर महोत्सव का आयोजन जय बजरंग अखाड़ा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया गया।

- अरौद में मातर महोत्सव पर हुआ आयोजन

अखाड़ा समिति के कलाकारों ने हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन कर हजारों दर्शकों का मनमोह लिया। जलती हुई लोहे की रिंग में पार होना, सिर के ऊपर आग लगाकर नाश्ता बनाना, सीने में पत्थर रखकर हथौड़े से फोड़ना, दर्जनों ट्यूब लाइट को सीने के बल तोड़ना, एक व्यक्ति पर तीन सवारी मोटर चलाकर पार करना, एक मोटर साइकिल में 6 लोगों की सवारी करना, दस फीट उपर चढ़कर पैर को बांधकर झूलते हुए दर्जनों ट्यूब लाइट को सीने के बल तोड़ना जैसी कई कला की प्रस्तुति देख दर्शक दांतों तले उंगली







दबाने मजबूर हो गए। मंच संचालन साधुराम साहू ने किया।

## छिपली में सुनी गई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात



भाजपाइयों ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 127वें संस्करण का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम ग्राम छिपली में 26 अक्टूबर को आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सरपंच श्रीमती लिकेश्वरी पोटाई के निवास पर हुआ।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व जिला महामंत्री नागेंद्र शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिला आईटी सेल प्रभारी दिव्येंद्र सिंह परिहार, महामंत्री रूपेंद्र साहू, मंडल उपाध्यक्ष गुरुप्रसाद साहू, ग्राम पटेल मनहरणलाल साहू, सरजूराम साहू, जीवनलाल सार्वा, घेवरचंद साहू, दिनेश बंजारे, मोनू पोटाई, धनेश्वर पोटाई, विष्णु पुजारी, नरोत्तम साहू, संजय नागरची, मीराबाई चंदन, सुनीति साहू, राधाबाई ध्रुवा, दुर्गा सार्वा, ईश्वरी कोसमा, पूर्णिमा साहू, डिगेश्वरी पोटाई सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को ध्यानपूर्वक सुना गया। इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत 2047 के संकल्प के तहत स्वदेशी संकल्प पत्र भरते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## कुरुद क्षेत्र के 64 तीर्थयात्री प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, हनुमान मंदिर दर्शन के लिए रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जनपद पंचायत कुरूद, नगर पालिका कुरूद, नगर पंचायत भखारा से कुल 64 तीर्थयात्रियों को प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, हनुमान मंदिर दर्शन के लिए कृष्णकांत साहू मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, डीएस मरकाम पंचायत इंस्पेक्टर, राकेश ध्रुव करारोपण अधिकारी, झलेश्वर कंवर करारोपण अधिकारी, दिनेश साहू ऑपरेटर, रूपराम साहू ऑपरेटर, प्रभुराम सिन्हा सचिव अनुरक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष साहू ने कहा कि छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक व 70 वर्ष से कम हो, उन्हें शासन की योजना के माध्यम से सहारा बनकर तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाती है। सारी व्यवस्था शासन की होती है। दाऊ चंद्राकर ने कहा कि तीर्थयात्रा के माध्यम से हिंदू धर्म, सनातन के प्रति आस्था को जगाना है। श्री तारक ने मुख्यमंत्री श्री साय, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, गीतेश्वरी साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष का समस्त तीर्थयात्रियों की ओर से आभार प्रकट किया।

### प्रयागराज, काशी के दर्शन के लिए तीर्थयात्री रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत प्रयागराज, काशी, विश्वनाथ, हनुमान मंदिर के दर्शन के लिए तीर्थयात्रियों को रवाना किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, जिला पंचायत कृषि सभापति टीकाराम कंवर, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी का निधन

**सांकरा।** ग्राम सांकरा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी कुमेश पटेल (खोलू पटेल) 60 वर्ष का रविवार की सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।



उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी अंतिम यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई जिसमें समाजजन, ग्रामीण व अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। वर्षों से मां दंतेश्वरी मंदिर में पुजारी के रूप में सेवा देने वाले कुमेश पटेल अपने सरल स्वभाव, धार्मिक आस्था और निष्ठा के कारण सभी के बीच सम्मानित थे। उनके निधन से ग्रामवासी गहरे दुख में हैं।

## कोड़ापार में मातर महोत्सव मना

- जिपं उपाध्यक्ष ने किचन शेड एवं अन्य विकास कार्य के लिए पांच लाख की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



दीपावली पर्व पर ग्राम कोड़ापार में मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान लोककला मंच प्रेम के पीरा ग्राम डुमरपाली जिला कांकेर की अनुपम प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी थे। अध्यक्षता भीम साहू सरपंच ने की। विशेष अतिथि जीवन साहू अध्यक्ष दरबा सोसायटी, अनुराग साहू सदस्य जनपद पंचायत कुरुद, रामलाल साहू पूर्व जिपं सदस्य प्रतिनिधि, मेघनाथ यादव उपसरपंच, झम्मन साहू पंच, कुंदन साहू बूथ अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण, परदेशी यादव अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, दुरेन्द्र साहू पूर्व सरपंच, दुखित यादव, पवन नवरंगे, मदन यादव, नारायण साहू, तुकाराम यादव, गंगाराम यादव, गुमेश यादव, रेवाराम यादव, राजेंद्र यादव, रेखराम यादव, मनोहर धीवर, सनत यादव, गिरधारी यादव, सुरेश यादव थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने यादव समाज भवन में किचन शेड निर्माण एवं अन्य विकास कार्य के लिए पांच लाख देने की घोषणा की।




### नगरी में सुहागिन महिलाओं ने आस्था व श्रद्धा के साथ रखा छठ व्रत

## सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर दिखी आस्था की अद्भुत छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का आयोजन बड़ी ही श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। सुहागिन महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखकर भगवान



सूर्यदेव और छठी मइया की आराधना की। प्रातःकाल से ही महिलाएं व्रत रखकर व्रत विधि की तैयारियों में जुटी रहीं। शाम को घाटों को गन्ने के मंडप से सजाया गया था।

नगर के माता तालाब शीतला मंदिर के किनारे पूजा स्थल को विधि विधान से सजाया गया। छठ गीतों की गूंज और दीपों की रोशनी से पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति से अर्घ्यदान करते हुए सूर्यदेव से अपने परिवार की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। छठ पर्व के अवसर पर नगर में धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ घाटों पर उमड़ी और चारों ओर भक्ति की भावना झलकती रही।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने चलाया वोट चोरी रोकने हस्ताक्षर अभियान

**दुधावा।** लोकतंत्र की रक्षा एवं सत्यता की अधिकारों की उद्देश्य से दुधावा के साप्ताहिक बाजार मे मंडल कांग्रेस कमेटी दुधावा के द्वारा वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता को जागरूक करना है। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य कमल धुर्वा, पुरूषोत्तम पाटिल, मंडल कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीखम सोरी, कांग्रेस नेता सरजू राम सोरी, सेक्टर प्रभारी शिवनारायण कुलदीप, कोषाध्यक्ष मुकेश राय, लालचंद जैन, प्रताप भास्कर, मैनेराम सोरी, मेहतर मरकाम, जगदीश मरकाम, साईमुण्डा बुध अध्यक्ष रामचंद्र मंडावी, जगजीवन मंडावी, राजेश नेताम सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने हिस्सा लिया।

### विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेलकूद 29 से

**भानुप्रतापपुर।** विकास का स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल कूद का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक हाई स्कूल मैदान एवं हाई स्कूल मैदान के बाजू में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में खेला जाएगा जूनियर वर्ग में 14 से 18 एवं सीनियर वर्ग 18 वर्ष से ऊपर पुरुष भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, रिले 100, ऊंची कूद, लंबी ककूद, भाला फेंक, गोला फेंक, तीरंदाजी 30 मीटर, 50 मीटर, कराते की भी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। समूह खेलकूद के अंतर्गत खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन में सिंगल डबल के मैच होगा।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार के अवसर

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर आने वाला है। स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 29 अक्टूबर सुबह 11 बजे से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल में आयोजित होगा। कैंपस प्लेसमेंट में क्षेत्र अधिकारी एवं क्षेत्र अधिकारी कलेक्शन के पदों पर भर्ती की जाएगी। कंपनी की ओर से बताया गया है कि इस भर्ती प्रक्रिया में महिला और पुरुष दोनों अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी वर्तमान में अध्ययनरत हैं या पढ़ाई बीच में छोड़ चुके हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा मौका है करियर की नई शुरुआत करने का।

### विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 29 से 31 तक

**सरोना।** रचनात्मक एवं खेल प्रतिभाओं को निखारने तथा युवाओं को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए बस्तर ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार विकासखंड स्तरीय खेल का आयोजन 29 से 31 अक्टूबर तक नरहरपुर खेल मैदान में किया जाएगा।

### बस्तर विकास में रोड़ा बन रहे दलाली और धोखाधड़ी में लिप्त लोग : नवनीत

**जगदलपुर।** बस्तर विकास एवं जनता से जुड़े मुद्दों एवं विषयों को लेकर बचेली में धरना स्थल पर नवनीत चांद ने कहा कि जिला प्रशासन जनता से जुड़े विषयों पर पारदर्शिता से कार्य करें। दलाल किस्म के लोग बस्तर के विकास को रोक रहे हैं और रोजगार के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं।

### नल्लामल्ला जंगल में माओवादियों की गुप्त बैठक

**जगदलपुर।** नक्सलियों के लगातार आत्मसमर्पण के बीच शीर्ष नक्सलियों की गोपनीय बैठक तेलगांना स्थित नल्ला मल्ला के जंगल में होने की खबर है। विशेषकर कमजोर हो रहे नक्सल सगंठन दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी में बदलाव करने की खबर है। इस गोपनीय बैठक में सीसी मेंबर देवजी के अलावा मिलिट्री बटालियन चीफ बारसे हिड़मा, देवा समेत अन्य शीर्ष नक्सलियों के शामिल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि इस हाईलेवल मिटिंग में कई गंभीर विषयों में चर्चा किए जाने की खबर है। विशेषकर कमजोर पड़ रहे संगठन व शीर्ष नक्सलियों के हथियार समेत समर्पण को लेकर विस्तृत चर्चा किए जाने की खबर है।

---

रायपुर के अनुभवी चिकित्सक निःशुल्क दवाई के साथ देंगे सेवा

# मुस्लिम समाज यूथ का निःशुल्क चिकित्सा शिविर 30 को



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद**

इंसानियत की सेवा ही सबसे बड़ी इबादत है। इस सूत्र वाक्य पर अमल करते हुए मुस्लिम समाज के यूथ विंग उजाला फाऊंडेशन द्वारा सर्व समाज के लिए कुरूद में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें एम्स, एमएमआई, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल रायपुर सहित हृदय रोग विशेषज्ञ, बाल रोग, स्त्रीरोग, कैंसर, हड्डी रोग विशेषज्ञ व अन्य अनुभवी चिकित्सक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श देंगे। शिविर में निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था की गई है।

मानवता की सेवा और इंसानियत का संदेश देने के साथ हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से उजाला फाऊंडेशन द्वारा खेल मेला मैदान के सामने ईदगाह भवन कुरूद में 30 अक्टूबर को आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर सुबह 11 से शाम 3 बजे तक चलेगा। आयोजन से जुड़े इकबाल खान, शेख जमील ने बताया कि एम्स हॉस्पिटल, एमएमआई नारायणा रायपुर, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल के सर्जन डॉ. युसूफ मेमन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.एचआर देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रयंक हिशीकर के मार्गदर्शन में शिविर के लिए सभी आवश्यक तैयारी की जा रही है। इसके लिए हृदय रोग विशेषज्ञ, बालरोग, स्त्रीरोग, कैंसर रोग, हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य अनुभवी चिकित्सकों ने आने की सहमति प्रदान कर दी है। मुस्लिम समाज के बैनरतले होने वाले जनकल्याणकारी आयोजन को सफल बनाने समाज प्रमुख अय्यूब खान, हाजी सुलेमान, गफ्फार हलारी, लतीफ उस्मानी, जमाल रिजवी, कासम अली, शफी खान की अगुवाई में बैठक हुई जिसमें युवा वर्ग को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई ।

**काजी ए छत्तीसगढ़ सलमान रजा का होगा आगमन**

स्वास्थ्य शिविर के समापन पश्चात काजी-ए-छत्तीसगढ़, हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद सलमान रजा खान का नगर आगमन होगा। इसकी तैयारी में जुटे मो. युसुफ, इशहाक खान, अमीन हलारी ने बताया कि गुरुवार रात को ईद मिलादुन्नबी एवं जश्ने गौशुलवरा का प्रोग्राम होगा। इसमें हज़रत सलमान रजा के साथ छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेश के नामचीन नातख्वां एवं तकरीर करने वाले शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में धमतरी, रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद सहित अन्य जिले के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युनुस, शहाबुद्दीन, अहमद खान, इस्लाम रजा, मेहबूब, शेख सरफराज, फरजान, फारूख, रिजवान, सलामत, अरमान, अरशद, मुस्तकिम, सलामत, फैज, कुर्बान, शमसू, मिनहाज, शफीक, मुजीब, गयाशुद्दीन, सलीम, इमरान गोरी, आबिद, रहमान, जावेद, अफताब, सोहेल, राजा, तैय्यब, तनवीर, रमजान, वाहिद, साहिल, जफर, यासीन, इनायत, वकार, अफ़्तब्बुदीन, जाहिद, अयान, हनीफ खान जुटे हुए हैं।

---

# कुलपति ने सब्जी, फूल एवं तिलहन फसल पर दिया जोर



**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ. रवि आर. सक्सेना ने उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद, धमतरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालय में अनुसंधान एवं प्रक्षेत्र विकास हेतु भूमि ग्राम चर्रा, कातलबोड़ एवं बानगर का अवलोकन किया। कुलपति ने जिले की जलवायु को दृष्टिगत रखकर फसल चक्र पर प्रकाश डालते हुए सब्जी, फूल एवं तिलहन फसल पर जोर दिया। साथ ही सॉयल पाम एवं उच्च गुणवत्ता वाले फलों का मदर ऑर्चर्ड का अनुसंधान एवं छात्रों के प्रायोगिक कार्यों को नवीन शिक्षा नीति के तहत विस्तार करने निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान नवनिर्मित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द् कुरूद, धमतरी एवं छात्रावास भवन के प्रगति कार्य का भी अवलोकन किया।

अस्थाई महाविद्यालय भवन का भी निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं के प्रायोगिक क्षेत्र में बेहतर करने के निर्देश भी दिये। भ्रमण के दौरान ओएसडी डॉ. राजेश्वरी साहू एवं अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र हथनी बिलासपुर, ओएसडी टू लेखा नियंत्रक डॉ. वीरन लाल साहू ने भी प्रक्षेत्र विकास हेतु सुझाव दिये। मौके पर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र धमतरी के अधिष्ठाता हेमन्त टोप्पो, सहायक प्राध्यापक श्रीमती शिखा मरकाम, डॉ. राजकमल पटेल, डॉ. द्वारिकाधीश बुरपात्र समेत अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

---

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेशों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



- पीएम मोदी के मन की बात स्वावलंबन और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करती है : डीपेंद्र

**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

ग्राम सांकरा स्थित जरही माता मंदिर परिसर में रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संवाद कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डीपेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग प्रेरणा ज कल्याण समिति धमतरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को श्रद्धा और उत्साह के साथ सुना तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डीपेन्द्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से देशभर के नागरिकों को प्रेरणा मिलती है। यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मकता, स्वावलंबन और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करता है। दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग है और उनके उत्थान के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति के संरक्षक बसंत कुमार बिश्नोई, समिति की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी बिश्नोई, सेवानिवृत्त शिक्षक घनश्याम सिंह साहू, रोहित साहू, डेरहाराम, नीलकंठ, श्रीमती सुलोचना, सुलेखा अली, शिवचरण, सोमन मेश्राम, श्रीमती मिलापा, पोषण सिन्हा, होलाराम, श्रीमती तीजनबाई सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# मन की बात कार्यक्रम से राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होती है : अशोक

- भाजपा मंडल कार्यालय पुरूर में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)**



भाजपा मंडल कार्यालय पुरूर में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 127वें एपिसोड को उत्साह से सुना और प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम से नागरिकों को प्रेरणा मिलती है। इससे समाज में सकारात्मक और राष्ट्रप्रेम की भावना आती है। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी अपनाने की अपील की। महामंत्री डा. खिलावन साहू, हेमराज सोनी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, तामेश्वर साहू सोशल मीडिया प्रभारी, भूपेन्द्र शंकर सेन कार्यालय मीडिया प्रभारी, दीपक जायसवाल जिला महामंत्री, खिलावन साहू प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू सहित अन्य नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात की शुरूआत छठ पर्व की शुभकामनाओं के साथ की। उन्होंने देशवासियों से सरदार वल्लभभाई पटेल की जंयती पर 31 अक्टूबर को रन फार यूनिटी में शामिल होने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने छग के अम्बिकापुर में चल रहे गार्बेज कैफे की भी सराहना की । सभी नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं छग में विष्णुदेव की सरकार में निरंतर विकास हो रहा है।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, महामंत्री राकेश सिन्हा, किशोर देवांगन, प्रीतेश साहू, तेजेन्द्र साहू, अरूण साहू, सुरेन्द्र साहू, कुंतल साहू, सुरेन्द्र तिवारी सहित पुरूर मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोंदी के मन की बात को काफी उत्साह के साथ श्रवण किया। इसी प्रकार पुरूर मंडल के प्रत्येक बूथों पर प्रभारियों के मार्गदर्शन पर गांव-गांव में कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने उत्साह के साथ 127वें एपिसोड का उत्साह के साथ श्रवण किया।

---

# शिक्षक ने दिव्यांग सुदर्शन को दीये के साथ मिठाई भेंट की



**हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी**

केंद्र सरकार दवारा दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। सेनचुआ निवासी सुदर्शन साहू 90 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। समाज कल्याण विभाग से उन्हें विवाह प्रोत्साहन राशि मिली है। उन्होंने ऋण लेकर आटो खरीदकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। शिक्षक घनश्याम सिंह साहू ने दिव्यांग मित्र को एक दीपक के साथ मिठाई भेंटकर उनका हौसला बढ़ाया।

### आदिवासी अंचल के युवक ने बिना कोचिंग के किया कमाल

**दुर्गुकोंदल।** फोनिक्स शितोरियो कराते संगठन इंडिया के तत्वावधान में दुर्ग में आयोजित संयुक्त भारत ओपन राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत बांगाचार के आश्रित ग्राम क्वाचीकटेल निवासी संदीप नेताम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर कैटेगरी में कांस्य पदक अपने नाम किया। संदीप नेताम की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। अंदरूनी व नक्सल प्रभावित माने जाने वाले इस इलाके से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना उनके अदम्य साहस, मेहनत और लगन का परिणाम है।

---

# दुर्गूकोंदल नव युवक-युवती समिति के अध्यक्ष बने दुग्गा

**दुर्गुकोंदल।** नव युवक-युवती समिति दुर्गुकोंदल की बैठक में समिति के अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से महत्तम दुग्गा को सर्वसम्मति से चुना गया। उनके नेतृत्व में समिति आगामी माह एक भव्य आयोजन करने जा रही है। समिति ने घोषणा की है कि राज्य स्तरीय रिकॉर्डिंग डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 22 नवंबर शनिवार को उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गुकोंदल में किया जाएगा। अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्यभर से सामूहिक, युगल और एकल डांस प्रतिभागियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह



आयोजन क्षेत्र के युवाओं में कला और सांस्कृतिक प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण लक्की ड्रा योजना होगी। इसमें पहला इनाम, मोटर साइकिल और दूसरा इनाम एक्टिवा स्कूटी रखा गया है। इस ड्रा के लिए टिकट मूल्य 500 रूपएं निर्धारित किया गया है, जो ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध रहेगा। समिति ने बताया कि लक्की ड्रा का परिणाम कार्यक्रम स्थल पर सभी दर्शकों के सामने ओपन मंच से घोषित किया जाएगा ताकि पारदर्शिता बनी रहे। प्रतियोगिता में न केवल स्थानीय प्रतिभाओं बल्कि पड़ोसी जिलों से भी कई दलों ने भाग लेने की इच्छा जताई है। इससे दुर्गुकोंदल के सांस्कृतिक मंच को राज्यस्तरीय पहचान मिलने की उम्मीद है।

---

# बीएसएनएल की इंटरनेट सेवा 10 दिनों से ठप, उपभोक्ता परेशान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा**

विकासखण्ड चारामा क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्ता इन दिनों भारत संचार निगम लिमिटेड की इंटरनेट सेवा की बदहाल स्थिति को लेकर खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बीएसएनएल की स्थिति को अधिकारियों ने जानबूझ कर बदहाल कर रखा है, ताकि निजी संचार कंपनियों को फायदा पहुंचाया




जा सके। प्रत्येक माह में 4-5 दिनों तक इस सरकारी मोबाइल कंपनी का खराब होना अब आम बात हो गई है। नेटवर्क खराब होने पर उसे दुरुस्त करने को लेकर अधिकारियों को फोन लगाने पर अधिकारी उपभोक्ताओं के फोन तक रिसीव नही करते है, जिसे लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता अब उग्र होते दिखाई दे रहे हैं। रीचार्ज दिनों दिन महंगा होते जा रहा है। ग्रामीण अपनी जरूरत की चीजों में कटौती करने के बाद पैसे खर्च कर रीचार्ज करा रहे हैं, लेकिन बीएसएनएल की आए दिन बिगड़ती स्थिति से उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से नुकसान हो रहा है।

---

# प्रयागराज, काशी के लिए भखारा भठेली से नौ तीर्थयात्री रवाना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित तीर्थयात्रा में धमतरी जिले से कुल 256 श्रद्धालुओं का चयन हुआ है। लॉटरी सिस्टम के माध्यम से चयनित इन तीर्थयात्रियों में भखारा भठेली क्षेत्र से नौ श्रद्धालु शामिल हैं, जो प्रयागराज, काशी एवं बनारस के पवित्र स्थलों की यात्रा के लिए रवाना हुए। यात्रियों को विदाई देने विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, दीनानाथ साहू, चोवा ढीढी, शोभा साहू तथा नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने उनके सुखद, मंगलमय एवं आध्यात्मिक अनुभवों से भरपूर यात्रा की



कामना की।

इस अवसर पर हरख जैन ने कहा कि तीर्थ यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। सभी श्रद्धालु भगवान से अपने नगर और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करें। यात्रियों ने भी मुख्यमंत्री और समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह अवसर उनके जीवन की सबसे बड़ी सौगातों में से एक है। जय श्रीराम के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं को भावपूर्ण विदाई दी गई। तीर्थयात्रियों में अन्नू निर्मलकर, यतिराम साहू, बलदाऊ साहू, भेषज पुरी गोस्वामी, राधू निषाद, रुमूल साहू, इंद्रपाल साहू, माखन साहू, विक्रम साहू शामिल हैं। तीर्थयात्रियों ने मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना की पहल की सराहना करते हुए विधायक अजय चंद्राकर, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।

---

# छठ पूजा के लिए नगर निगम ने किए विशेष इंतजाम : पांडे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती अवसर पर नगर निगम विशेष स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गंगा मुंडा तालाब सहित शहर के सभी 11 घाटों की सफाई का कार्य कर रहा है। यह अभियान एक महीने से चल रहा है। छठ महापर्व के दौरान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सबसे अधिक श्रद्धालु गंगा मुंडा तालाब पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए निगम प्रशासन ने घाटों की सफाई और समतलीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। महापौर संजय पांडे ने बताया कि गंगा मुंडा तालाब को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। जगदलपुर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता एम्बेसडर, पार्षद और नागरिक मिलकर लगातार काम कर रहे हैं। लगभग 100 लोग प्रतिदिन इस अभियान में जुटे हैं।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखें, कचरा गाड़ी आने पर ही निर्धारित डस्टबिन में डालें। नालियों या सड़कों पर कचरा न फेंके, जिससे हमारा शहर कचरा मुक्त हो सके।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में युवक की मौत फरार चालक की तलाश दर्ज

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत लामकन्हार के वेयर हाऊस के पास सड़क दुर्घटना में युवक की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक अंतागढ़ थानांतर्गत सेमरापारा निवासी 31 वर्षीय रूपेश चुरपाल पिता स्व. श्यामसुन्दर चुरपाल 21 अप्रैल को अपने छोटे भाई ईश्वर चुरपाल को बाहर काम करने जा रहा हुं कहकर घर से निकला था। अगले दिन 22 अप्रैल को सोशल मिडिया के जरिए पता चला कि रूपेश चुरपाल का नवनिर्माणाधीन वेयर हाऊस लामकन्हार मेन रोड़ के पास एक्सीडेंट हो गया है। जिसे जाकर देखे तो रूपेश चुरपाल को अंतागढ़ अस्पताल ले गए थे। पूछताछ करने पर आसपास के लोगों ने बताया कि रात करीबन 12 से 5 बजें के मध्य अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक के सिर, दोनों हाथों, दोनों घुटनों, दाहिने पैर, दाहिने कमर एवं बांए कन्धे में चोट लगने से मौत हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज कांकेर में

**कांकेर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव 28 अक्टूबर मंगलवार को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः साढ़े 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर डेढ़ बजे विश्राम गृह कांकेर पहुंचेंगे, तत्पश्चात गोविंदपुर के खेल मैदान में आयोजित बस्तर ओलंपिक 2025 के विकास खंडस्तरीय प्रतियोगिता कांकेर का शुभारंभ करेंगे। उसके बाद वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत बेलगाम निवासी 40 वर्षीय लीलाधर पवार ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन उसका मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खाया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, लेकिन उसका 25 अक्टूबर को रात करीबन 9 बजें मौत हो गया।

आमातालाब में व्रती महिलाओं ने बांस की टोकरी में फल, ठेकुआ, नारियल, दीपक के साथ सूर्य उपासना की

# छठपर्व के तीसरे दिन डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोक आस्था का महापर्व छठ त्योहार हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाली छठ पूजा का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है। इसी कड़ी में सोमवार को तीसरे दिन शहर की व्रती महिलाओं ने आमातालाब में संध्या अर्घ्य देकर सूर्य उपासना एवं छठी मईया की पूजा की। इस व्रत का तीसरा दिन खास रहता है जिसमें डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने की परम्परा है।

व्रती महिलाएं श्रीमती प्रीतिकुमार, दीपिका लोहाना, श्वेता तिवारी, श्रीमती अनिता ने बताया कि छठपर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर से हो चुकी है। सोमवार को तीसरा दिन था। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की खुशहाली की उपासना और कामना की जाती है। यह पर्व छठी मईया और सूर्य देव को समर्पित है। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देना कृतज्ञता और संतुलन का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने और जीवन के हर उतार चढ़ाव को स्वीकार करने की भावना को दर्शाता है। मान्यताओं के अनुसार यह अर्घ्य सूर्यदेव की पत्नी प्रत्युषा को समर्पित है जो सूर्य की अंतिम किरण होती है।





**अस्ताचल अर्घ्य में फलों के साथ दीपक का अर्पण**

सोमवार को शहर की व्रती महिलाएं शाम 4.30 बजे से एकत्रित होने लगी। अमलेश झाा, जयप्रकाश झा, बालमुकुंद झा, सोमदत्त झा, मुकंद पवार, प्रेमदेवी झा, विनयकुमार आदि ने बताया कि छठ पूजा के तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने एकत्रित होकर सूर्यदेव की पूजा उपासना की। छठ पूजा में शाम को अर्घ्य देना बहुत पवित्र माना जाता है। सूर्यास्त से पहले व्रती महिलाएं स्नानकर स्वच्छ वस्त्र पहनती हैं। बांस के सूप या टोकरी में फल, ठेकुआ, नारियल, दीपक और गन्ना रखती हैं। फिर नदी या तालाब में जल से भरे पात्र के सामने खड़ी होकर सूर्यदेव की दिशा में मुख करके ओम सूर्याय नमः मंत्र के साथ अर्घ्य देती हैं। इस दौरान छठी मईया के भजन गाए जाते हैं। परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। अर्घ्य के बाद व्रती पूरी रात जागरण करती हैं और अगली सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारी करती हैं। इस मौके पर पार्षद कुलेश सोनी एवं पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा मौजूद थे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने श्यामतराई में सुनी मोदी के मन की बात



■ यह कार्यक्रम देशवासियों के साथ प्रधानमंत्री के भावनात्मक जुड़ाव का सेतु है : रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से करोड़ों देशवासियों को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने ग्राम श्यामतराई में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों के साथ साहू समाज सामुदायिक भवन में मोदी के मन की बात सुनी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश के विकास, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत, आपरेशन सिंदूर, एक पेड़ मां के नाम और जनभागीदारी से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए साथ ही छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर में प्लास्टिक कचरा साफ करने म्युनिस्पकल कार्पोरेशन द्वारा कार्बेट कैफे के माध्यम से चलाए जा रहे अभियान प्लास्टिक कचरा लाओ भर पेट भोजन खाओ पर विशेष चर्चा की। कार्यक्रम के पश्चात श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आज देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देशवासियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव का सेतु है। मोदीजी ने हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने का जो संदेश दिया है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। मौके पर बूथ अध्यक्ष द्वय खेमलाल साहू, हेमचंद साहू, सरपंच डोमेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच उमेश साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, बालक राम साहू, खिलावन साहू, टीकाराम साहू, शत्रुघ्न साहू, दिनेश साहू, अनिल साहू, हेमन्त पाले, श्याम पाले सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बिरेझर में मनोनीत पदाधिकारियों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

दरबा परिक्षेत्र के ग्राम बिरेझर में मनोनीत पदाधिकारियों का विस्तार किया गया। कमलेश साहू पूर्व अध्यक्ष, संतराम साहू संरक्षक, विश्वनाथ साहू, ओमप्रकाश साहू, सचिव, केजूराम साहू कोषाध्यक्ष को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान सहित विदाई दी गई। नये पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। मंच संचालन निरजंन साहू ने किया। मौके पर नागेश्वर साहू, मंशाराम साहू संरक्षक, रामचन्द्र साहू अध्यक्ष, तहसील उपाध्यक्ष लेखराम साहू, उपाध्यक्ष जीवनलाल साहू, संगठन सचिव लिकेश साहू, महिला उपाध्यक्ष हुलसी साहू, महिला संगठन सचिव सुनीता साहू, सचिव ताकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष डा. उदय साहू, अंकेक्षक रेखराम साहू, तीरथराम साहू, महामंत्री बेनीराम साहू, पुरूषोत्तम साहू, भुनेश्वर साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कृष्ण साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मंजु साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामनिहोरा साहू, मीडिया प्रभारी भोजराम साहू, गुपेन्द्र साहू उपस्थित थे।

## रासेयो छात्रों ने तालाब, स्कूल परिसर और चौक-चौराहों की सफाई की

■ बोड़रा में चलाया गया स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





ग्राम बोड़रा बलियारा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच सुमन प्रीतम साहू, उपसरपंच रवि कुमार साहू, सचिव ध्रुवदास बघेल एवं पंचगणों द्वारा पूजा-अर्चना कर किया गया। स्वयंसेवकों को सात टीमों में विभाजित कर तालाब, हाईस्कूल, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, शिशु मंदिर, चौक-चौराहों और साहू समाज भवन की सफाई कराई गई। इस दौरान कटीले पौधों को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वयंसेवकों ने बैंड-बाजे के साथ रैली निकालते हुए पूरे ग्राम में स्वच्छता के नारे लगाए और सांस्कृतिक कार्यक्रम सुआ, कर्मा, ददरिया, पंथी नृत्य, राउत नाचा एवं छत्तीसगढ़ी गीतों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई। ग्रामीणों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेशप्रसाद साहू, डॉ. मंजूषा साहू और प्राचार्य चमन लाल साहू को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। प्राचार्य सीएल साहू ने सभी स्वयंसेवकों को पेन भेंट किए। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र साहू, पंचगण मालती,यामिनी, मीनाक्षी, डिगेश्वरी, भानबाई, ग्रीन आर्मी की विद्या, कुंती, लक्ष्मी, सोनवती, कांति, राजू देवांगन सहित अनेक ग्रामीण और स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## जिले के सभी गांवों में सुनी गई मन की बात



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

26 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण जिले के सभी ग्रामों और शहरों में किया गया। ग्रामों के अलावा नगर और शहरों में सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला। रेडियो एवं टीवी के माध्यम से सामूहिक श्रवण किया गया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना और उनके विचारों से प्रेरित हुए।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशभर में चल रही विकास योजनाओं, जनभागीदारी के महत्व, और युवाओं में बढ़ती सेवा भावना पर विशेष बल दिया। उन्होंने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम के तहत योग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिले के सभी ग्रामों के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, महिला वर्ग और युवाओं ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से राष्ट्रभावना और सेवा भावना में वृद्धि होती है।

## दीपावली मिलन में समाज के शासकीय सेवकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

दीपावली पर्व पर ध्रुव गोंड आदिवासी समाज नगर आमदी द्वारा दिवाली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। ज्ञात हो कि आदिवासी समाज द्वारा नगर में बड़ी धूमधाम से गौरी गौरा की स्थापना की जाती है। इस पर भी समीक्षात्मक चर्चा की गई। इस दौरान शासकीय सेवा के माध्यम से विभिन्न विभागों में कार्य कर रहे समाज के लोगों का सम्मान किया गया। इनमें योगेश ध्रुव प्रधानपाठक, पूर्णा नेताम प्रधानपाठक, तुलजा ध्रुव बीआरपी (समावेशी शिक्षा), नारायणलाल नेताम नगर पंचायत कर्मचारी, कोमल ध्रुव हवलदार, मुरही ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी ने अपने उद्बोधन में समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा एवं सांस्कृतिक रीति रिवाज को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन नीलकंठ ध्रुव एवं आभार व्यक्त समाज के अध्यक्ष विष्णुराम मरकाम ने किया। कार्यक्रम में उमेदी राम ध्रुव, त्रिलोचन उइके, आत्माराम नेताम पूर्व पार्षद, जगेश्वर नेताम पार्षद, अनिता ठाकुर पूर्व पार्षद, शिवा नेताम, राजकुमार ध्रुव, रमेश नेताम, कृष्ण ध्रुव, विष्णु राम ध्रुव, डायमंड मरकाम समेत ध्रुव गोंड आदिवासी समाज नगर आमदी के सदस्यों का योगदान रहा।

## सब्जी मंडी श्यामतराई का होगा कायाकल्प



■ महापौर रामू रोहरा ने मंडी के पदाधिकारियों के साथ की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर की सबसे बड़ी कृषि थोक सब्जी मण्डी श्यामतराई में अब शीघ्र ही बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू होंगे। मण्डी की व्यवस्था और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महापौर रामू रोहरा ने सब्जी मण्डी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संपूर्ण परिसर का जायजा लिया। महापौर ने रोड निर्माण, शेड निर्माण, जल निकासी व्यवस्था एवं स्वच्छता प्रबंधन जैसे प्रमुख कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं सुधार कार्यों को अतिशीघ्र और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, ताकि किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि श्यामतराई मण्डी धमतरी की आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। यहां की सुविधाएं बेहतर होंगी तो किसानों और व्यापारियों दोनों को लाभ मिलेगा। मण्डी का कायाकल्प होने से ग्रामीण अंचल से आने वाले किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी, वहीं नागरिकों को भी ताजी सब्जियां एवं फल सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगे।

बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय

## तरसींवा के किसान रबी सीजन में धान की फसल नहीं लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



ग्राम तरसींवा के ग्रामीणों ने ग्रीष्मकालीन फसल में धान को छोड़कर दलहन तिलहन लगाने का फैसला लिया है। इस संबंध में गुरुवार को कला मंच के प्रांगण में बैठक हुई जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम पटेल परमेश्वर गिरी, ग्रामीण अध्यक्ष सरोज यादव, उप सरपंच भुवनेश्वर सिंह, अलखराम साहू, तुलसीराम साहू, सुरेंद्र चंद्राकर समेत कई किसान शामिल हुए। इसी प्रकार ग्राम रांवा, ईर्रा, कोर्रा, सौराबांधा, सिलौटी, अमलीडीह के किसानों ने फसल चक्र परिवर्तन का फैसला लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

## नारी अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान पर हुआ वार : सुमन



**धमतरी।** प्रदेश की राजधानी रायपुर में राज्योत्सव के पूर्व छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को तोड़ने की जानकारी होने पर कांग्रेस पार्षद सुमन मेश्राम ने कड़े शब्दों में विरोध करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी पर हमला सिर्फ एक मूर्ति पर नहीं, हमारी अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान पर भी वार है । हम 1 नवंबर को राज्य निर्माण के रजत जयंती के रूप में राज्योत्सव मनाने जा रहे है वहीं रायपुर में ऐसी घृणित घटना सामने आ रही है जब मां समान प्रतीक पर हमला होता है तो सिर्फ पत्थर नहीं टूटता, जनता का भरोसा भी टूटता है। राज्योत्सव से पहले राजधानी रायपुर में ऐसी घृणित घटना ने बीजेपी सरकार की कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। विष्णुदेव की सरकार में छग महतारी की प्रतिमा सुरक्षित नहीं तो आम जनमानस का क्या होगा। श्रीमती मेश्राम ने दोषियों पर कड़ी कारवाई की मांग की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
GLOBAL ICON AWARDS 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :- सोमवार से शनिवार सुबह 11 से शाम 6 बजे तक